**गबन प्रकरण** भू-माफिया को संरक्षण देने का आरोप, वरिष्ठ अधिकारी भी एक्शन लेने से कतरा रहे

# 10 साल से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं उप-पंजीयक




**नवभारत उमरिया 3 अप्रैल।** जिले की धरती इन दिनों सोना उगल रही है, लेकिन यह सोना किसानों के हल से नहीं, बल्कि भू-माफियाओं के जाल और रजिस्ट्री दफ्तर के मैनेजमेंट से निकल रहा है।

उमरिया में नियम-कायदे सिर्फ कागजों की शोभा बढ़ा रहे हैं, क्योंकि जमीनी हकीकत तो यह है कि यहां एकड़ और हेक्टेयर के खेत, चंद रुपयों की लालच में वर्ग फीट के टुकड़ों में कत्ल किए जा रहे हैं। बिना डायवर्जन, बिना रेरा और बिना किसी वैध अनुमति के अवैध कॉलोनियों का जाल बिछाया जा रहा है और इस पूरे खेल के महानायक बनकर जिला उप-पंजीयक आशीष श्रीवास्तव उभरे हैं।

**मैनेजमेंट का तगड़ा खेल-** कहते हैं सरकारी तंत्र में नियम सबके लिए बराबर होते हैं, लेकिन आशीष श्रीवास्तव के मामले में ऐसा लगता है कि सरकार ने अलग ही नियमावली बना रखी है। ताज्जुब की बात देखिए, उप पंजीयक पिछले 10 वर्षों से एक ही कुर्सी पर अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि इनका मैनेजमेंट इतना लोहे जैसा है कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, किसी के मुंह से इनके खिलाफ उफ तक नहीं निकलती।

**मई 2025 में स्थानांतरण हुआ था लखनादौन-** हद तो तब हो गई जब मई 2025 में इनका स्थानांतरण लखनादौन के लिए हुआ, लेकिन उप पंजीयक की जड़ें उमरिया की मिट्टी में इतनी गहरी हैं कि साल बीतने को आया और वे आज भी यहीं डटे हुए हैं। क्या विभाग में किसी और की काबिलियत पर भरोसा नहीं है या फिर वरिष्ठ अधिकारियों को उप पंजीयक का कमीशन मॉडल सिस्टम इतना रास आ रहा है कि उन्हें कार्यमुक्त करना ही भूल गए।

**उप पंजीयक की नजर और फिक्स कमीशन-** नियम कहता है कि जब एक ही खसरा नंबर से तीन से अधिक बटांक (टुकड़े) होते हैं, तो खतरे की घंटी बज जानी चाहिए।

**जनता को भगवान भरोसे छोड़ा-** उमरिया में भू-माफिया इतने बेखौफ हैं कि वे एग्रीमेंट पर ही जमीनों का सौदा कर रहे हैं। आम जनता अपनी गाढ़ी कमाई इन अवैध प्लॉटों में फंसा रही है, प्रशासन ने हाल ही में 14 लोगों को नोटिस थमाकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, जो स्वागत योग्य है, लेकिन जब तक आशीष श्रीवास्तव जैसे पुराने खिलाड़ी कुर्सी पर बैठे रहेंगे, तब तक क्या निष्पक्ष जांच संभव है।

# उमरिया से चोरी गई बोलेरो रीवा से की गई बरामद

▸ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नवभारत उमरिया 3 अप्रैल।** जिले की कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज कुछ ही दिनों में चोरी गई बोलेरो को बरामद कर लिया है।

यह बोलेरो 31 मार्च को जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 12 से चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में तकनीकी साक्ष्यों और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस एवं मुखबिरो की मदद ली, जिससे वाहन की लोकेशन ट्रेस करते हुए टीम रीवा पहुंची। जांच के दौरान सामने आया कि रीवा निवासी जटाशंकर दुबे अपने साथी अजीत पटेल (निवासी ब्यौहारी) के साथ उमरिया आया था और चपहा निवासी महेश गुप्ता की बोलेरो चोरी कर ली थी।

### नंबर प्लेट बदल दी थी

आरोपियों की चालाकी यहीं खत्म नहीं हुई। चोरी के बाद उन्होंने बोलेरो की पहचान छुपाने के लिए उसकी नंबर प्लेट बदल दी और उस पर रीवा आरटीओ का नंबर लगा दिया, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। इसके बाद वे वाहन लेकर रीवा भाग गए।

### सीसीटीवी से मिला आरोपियों का सुराग

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी रखी। ढाबों और पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे आरोपियों के मूवमेंट का सुराग मिला। इसी आधार पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाईकिल को ट्रैक किया और ब्यौहारी से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी को दबोचा

पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपी राजेश दुबे को भी रीवा से चोरी गई बोलेरो के साथ गिरफ्तार कर लिया और उसे उमरिया लाया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और उनकी पुरानी आपराधिक हिस्ट्री खंगालने में जुटी हुई है।



# श्रमदान से कसहा नदी बनी स्वच्छता का प्रतीक

▸ युवाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**शहपुरा नवभारत 3 अप्रैल।** नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम के तहत कसहा नदी की साफ-सफाई का प्रेरणादायक कार्य संपन्न हुआ।

यह अभियान जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं ब्लॉक समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर वार्ड प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष रमेश वाल्मीकि के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं और मेंटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर मॉडल कॉलेज के नीचे पुलिया के पास व्यापक सफाई अभियान चलाया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश प्रसारित हुआ।

### जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक

इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कसहा नदी को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में युवाओं का जोश और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव देखते ही बन रहा था। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण बनी, बल्कि समाज में जनजागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम भी साबित हुई। इस अभियान ने यह संदेश दिया कि 'जल है तो कल है' और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है।

# नगर परिषद के साइन बोर्ड घोटाले का हुआ खुलासा

▸ आम आदमी पार्टी ने उठाए गंभीर सवाल




**शहपुरा नवभारत 3 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने नगर परिषद शहपुरा द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पार्टी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि साइन बोर्ड लगाने के नाम पर नगर परिषद द्वारा अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ियों को अंजाम दिया गया है, जिससे शासन के धन का दुरुपयोग हुआ है।

इस मुद्दे को लेकर आयोजित बैठक एवं निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने कहा कि नगर परिषद द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड की गुणवत्ता बेहद खराब है, जबकि इसके लिए भारी राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे कार्य में पारदर्शिता का अभाव है और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियमों की अनदेखी की गई है।

### टैक्स के पैसों का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं : झारिया

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट विनय कुमार झारिया ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि आम जनता के टैक्स के पैसे का इस तरह दुरुपयोग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्रभारी शारदा नामदेव ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेगी।

### आप जवाबदेही की राजनीति करती है : शारदा

शारदा नामदेव ने कहा कि आम आदमी पार्टी पारदर्शिता और जवाबदेही की राजनीति करती है और जनता के हक के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे साइन बोर्ड प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

### निष्पक्ष जांच की मांग

इस दौरान स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता भीमगिरी गोस्वामी ने कहा की ऐसे साइन बोर्ड की नगर में जरूरत नही थी। नागरिकों के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग किया जाकर भ्रष्टाचार किया गया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### मोनू हत्याकांड : चार और गिरफ्तार

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत नूरानी गेट में घोड़े से दूर हटने की सलाह देने पर मोहम्मद सादिल की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले फरार चार और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि चार आरोपी इसके पहले गिरफ्तार किए जा चुके थे जिन्हें बुधवार को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया था विदित हो कि नयापुल मोतीनाला निवासी मोनू अपने साथियों सोहराब, बादशाह और अमन के साथ शादी-ब्याह में घोड़ा-बग्घी चलाने का काम करता था। शनिवार रात करीब 11 बजे नूरानी गेट के पास एक बारात में शामिल थे। इसी बीच घोड़े के पीछे खड़े जीशान को मोनू ने सुरक्षा के लिहाज से टोका कि पीछे मत खड़े हो। जीशान देख लेने की धमकी देकर चला गया। जब मोनू और उसके साथी काम खत्म कर रात करीब 12:15 बजे घोड़ा वापस छोड़ने जा रहे थे तभी स्लाटर हाउस पास घात लगाए बैठें जीशान, शहबाज, गुलशेर, डी नौशाद, फरहान, याशीन, साकिर और तनवीर ने मोनू पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला हत्या कर दी थी। बचाने आए सोहराब पर भी हमला किया था।

# 60 सरपंचों के विरूध्द वसूली के आदेश पारित

▸ समयसीमा में गबन राशि जमा नहीं करने पर निर्वाचन पर लगाई जाएगी 6 वर्ष की रोक

**नवभारत उमरिया 3 अप्रैल।** जिला पंचायत उमरिया अंतगर्त जनपद पंचायत मानपुर, पाली, एवं करकेली के पंचायत पदाधिकारी सरपंच व्दारा शासन की विभिन्न योजनाओं की राशि गबन के प्रकरण न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया में 59 प्रकरणों में 60 सरपंचो के विरूध्द वसूली के आदेश पारित किए गए हैं।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि 60 सरपंचों को जिला पंचायत उमरिया के एकल खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा उमरिया, नामे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया में जमा करने के निर्देश दिये जाने के पश्चात भी राशि जमा नहीं की जा रही है।

**15 दिन का दिया अतिरिक्त समय-** प्रकरण में अन्य अनावेदक पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध पारित वसूली आदेश में वसूली योग्य राशि की कटौती नियमित रूप से उनके वेतन से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों द्वारा की जा रही है। उन्होंने सरपंचों को 15 दिवस का अतिरिक्त अवसर देकर आदेशित किया है कि वसूली योग्य राशि शासकीय कोष में जमा कर पावती उपलब्ध करावें।

**राशि जमा नहीं करने पर संपत्ति नीलाम की जाएगी-** राशि जमा नहीं करने की दशा में उनकी चल एवं अचल सम्पत्ति को सर्वजनिक रूप से नीलाम किया जाकर राशि की वसूली की जायेगी तथा उक्त सरपंचों को 6 वर्ष की कालावधि के लिए किसी पंचायत से निर्वाचन के लिए आगामी 6 वर्ष के लिए निरर्हित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला रास्ता हुआ जर्जर, पुल भी टूटा

▸ अमठेरा के ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें, आप जिलाध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शहपुरा नवभारत 3 अप्रैल।** जनपद पंचायत शहपुरा अन्तर्गत ग्राम अमठेरा में बुनियादी सुविधाओं का अभाव अब ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ रहा है। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है और यहां स्थित पुल लंबे समय से टूटा पड़ा है।

इस गंभीर समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तत्काल सुधार की मांग की है। ग्राम अमठेरा के निवासियों के लिए आवागमन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

### मरीजों को अस्पताल पहुंचाना होता है मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूट जाने के कारण बरसात के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। बीमारों को अस्पताल ले जाने या बच्चों को स्कूल भेजने में जान जोखिम में डालनी पड़ती है। जर्जर रास्ते के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



**मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा अमठेरा गांव**

उन्होंने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी अमठेरा के ग्रामीण एक सुरक्षित रास्ते और पुल के लिए तरस रहे हैं। टूटा हुआ पुल प्रशासन की संवेदनहीनता का प्रमाण है। यदि जल्द ही पुल के पुनर्निर्माण और रास्ते की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आम आदमी पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।'

# शुभचिंतक बनकर घूम रहे ठगों ने बुजुर्ग महिला से लूटा 50 हजार का मंगलसूत्र



**जबलपुर।** खितौला के रेलवे फाटक क्षेत्र में शुभचिंतक बनकर घूम रहे ठगों ने एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को गला कटने का डर दिखाकर करीब 50 हजार रुपये कीमत का सोने का मंगलसूत्र लेकर रफूचक्कर हो गए।

पुलिस ने बताया कि रेलवे फाटक के पास रहने वाली लक्ष्मी पटेल (60) अपने घर के सामने बने गाय के कोठे की साफ-सफाई कर रही थीं। जब वह गोबर और कचरा तगाड़ी में भरकर सड़क किनारे फेंकने पहुंची, तभी काले रंग की बाइक पर सवार दो युवक उनके पास रुके। बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को डराते हुए कहा, अम्मा, आपने गले में सोना पहना है, कोई गला काट देगा। इसे निकालकर घर के अंदर रख दो। महिला उनकी बातों में आ गई और 8 सोने की गुरिया वाला मंगलसूत्र उतारकर हाथ में ले लिया। जैसे ही महिला ने गहने दिखाए, बाइक चालक ने उन्हें अपने हाथ में लिया और बाइक चालू कर भाग निकले। महिला की। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**सिर में टोपी और मुंह पर मास्क लगाकर पहुंचे थे ठग-**

पुलिस के अनुसार बाइक चालक शरीर से मोटा, सिर पर टोपी, मुंह पर मास्क और चौकड़ी (चेक) वाली फुल आस्तीन की शर्ट पहने था। पीछे बैठा युवक हल्की आसमानी और सफेद रंग की टी-शर्ट, सिर पर टोपी और मास्क लगाए हुए था। हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। साथ ही संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



# प्रशिक्षण से होता है नई ऊर्जा का संचार : धुर्वे



▸ शहपुरा में 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन

**शहपुरा नवभारत 3 अप्रैल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय, चरगांव में संपन्न हुआ, जिसमें मंडल मानिकपुर एवं शहपुरा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण महाभियान से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और संगठनात्मक कार्यों को गति मिलती है।

### प्रशिक्षण के दौरान दी गई संगठन विस्तार की जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

**जन्मोत्सव** हनुमान पहाड़ी मंदिर में रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम, भजन संध्या का किया गया आयोजन

# मंदिरों में की गई विशेष पूजा व सुंदरकांड पाठ, निकली शोभायात्रा





**चिल्हारी नवभारत 3 अप्रैल।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा, सुंदरकांड पाठ और शोभायात्रा निकाली गईं। मान्यता के अनुसार, इस दिन रुद्रावतार हनुमान का जन्म हुआ था, जिसे शक्ति, साहस और सेवा के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

जिले के मानपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम चिल्हारी की धार्मिक आस्था का हनुमान पहाड़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें हनुमान महाराज का विधि-विधान से पूजन व अभिषेक किया गया। हनुमान सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारी संख्या पर ग्रामीण व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### संध्याकालीन महाआरती की गई

हनुमान पहाड़ी मंदिर चिल्हारी में हनुमान जन्मोत्सव पर संध्याकालीन भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया और महाआरती की गई। इसमें श्रद्धालु भक्ति की शक्ति में भाव विभोर रहे। जय श्री राम के जयकारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो गया था। बड़ा अखाड़ा मैहर के शिष्य प्रदीप शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना कराई।

### ग्रामीणों के सहयोग से होते हैं धार्मिक आयोजन

चिल्हारी के ग्रामीणों के सहयोग से अनवरत धार्मिक आयोजन चिल्हारी में होते रहते हैं। इस आयोजन में युवाओं की टीम बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें नागेन्द्र मिश्रा, गांव के प्रतिष्ठित व्यापारी बृजेश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजय गुप्ता, मधुर चंद्र गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, दीपचंद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, लल्ला सोनी, अनिल द्विवेदी, कल्लू बर्मन, रामदास गुप्ता, रामचरण गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

**नप मानपुर में मनाया गया हनुमान प्राकट्योत्सव**

नगर परिषद मानपुर में श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज का प्राकट्योत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गौतमान मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर, सोनी मोहल्ला स्थित हजारी धाम सरकार, पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर तथा थाना परिसर मंदिर में प्राकट्योत्सव के अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान प्रतिमाओं का अभिषेक कर सुंदरकांड पाठ किया गया, वहीं विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।